
# साउथ अमेरिकन टैपिर

[स्रोत: NYP](#)

साउथ अमेरिकन टैपिर को 100 वर्षों में पहली बार **कुन्हाम्बेबे स्टेट पार्क (ब्राज़ील के कोस्टा वर्डे क्षेत्र)** में देखा गया है।

- अंतिम बार इसकी पुष्टि **वर्ष 1914 में ब्राज़ील के रियो डी जेनेरियो** स्थित **सेरा डोस ओर्गाओस नेशनल पार्क** में हुई थी।
- **टैपिर:** यह **दक्षिण अमेरिका का सबसे बड़ा स्थलीय स्तनपायी** है और इसके **पैर छोटे** एवं **शरीर गोल** होने के साथ इसकी **सूँड लचीली** होती है।
  - ये **शाकाहारी** हैं।
  - **"वन माली"** के रूप में जाना जाने वाला टैपिर, **बीज प्रसार** में सहायक है। इसके द्वारा निर्मित **नेचुरल ट्रेल्स** से **सूर्य का प्रकाश वन की सतह** तक पहुँचता है जिससे जैवविविधता को बढ़ावा मिलता है।
  - **IUCN स्थिति:** संकटग्रस्त
  - **बेयर्ड टैपिर, माउंटेन टैपिर और मलायन टैपिर** के साथ साउथ अमेरिकन टैपिर, टैपिर की **चार प्रजातियों में से एक** है, जो **मध्य और दक्षिण अमेरिका** के साथ-साथ **दक्षिण-पूर्व एशिया** के जंगलों में मिलता है।




PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/appearance-of-south-american-tapir